भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 888
गुरूवार, 09 फरवरी, 2023/20 माघ, 1944 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा के अंतर्गत मॉडल करियर केंद्र

888. श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) के अंतर्गत आज की तारीख में राज्य-वार कितने मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) कार्यरत हैं;
(ख) एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं की संख्या कितनी-कितनी है;
(ग) अब तक कितने रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं;
(घ) क्या सरकार ने एनसीएस पोर्टल के साथ पंजीकृत नौकरी चाहने वालों को मिलने वाले वास्तविक लाभों का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) के अंतर्गत दिनांक 31.01.2023 तक कार्यरत मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) की संख्या का राज्य-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

एनसीएस पोर्टल की शुरूआत से दिनांक 31.01.2023 तक, 2.89 करोड़ रोजगार चाहने वालों और 7.95 लाख नियोक्ताओं ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। इसके साथ-साथ, दिनांक 31.01.2023 तक एनसीएस परियोजना के तहत 24,000 से अधिक रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं।

सितंबर 2021 - फरवरी 2022 के दौरान यूनिसेफ युवा के सहयोग से एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के संतुष्टि स्तर का आकलन करने के लिए एक अध्ययन किया गया था। अध्ययन के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:

- एनसीएस पोर्टल पर 76% उपयोगकर्ताओं ने पंजीकरण प्रक्रिया को आसान पाया।
- एनसीएस पोर्टल पर 60% से अधिक उपयोगकर्ताओं ने रोजगार खोजने की प्रक्रिया को आसान पाया।
- एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध करियर परामर्श सेवाओं का 65% से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।
- एनसीएस पोर्टल के विभिन्न पृष्ठों के बारे में 85% से अधिक लोगों की सकारात्मक राय थी।
- एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 29% उपयोगकर्ताओं को 3 से अधिक रोजगार के प्रस्ताव प्राप्त हुए।

*****

अनुबंध-I

"राष्ट्रीय करियर सेवा के अंतर्गत मॉडल करियर केंद्र" के बारे पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 09.02.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 888 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 31.01.2023 तक राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में कार्यरत मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) की संख्या का विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	कार्यरत एमसीसी की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
आंध्र प्रदेश	14
अरुणाचल प्रदेश	5
असम	13
बिहार	20
छत्तीसगढ	8
दिल्ली	2
गोवा	1
गुजरात	9
हरियाणा	4
हिमाचल प्रदेश	2
जम्मू और कश्मीर	17
झारखंड	11
कर्नाटक	14
केरल	4
लद्दाख	2
लक्षद्वीप	1
मध्य प्रदेश	10
महाराष्ट्र	23
मणिपुर	2
मेघालय	4
मिजोरम	2
नागालैंड	2
ओडिशा	24
पुडुचेरी	4
पंजाब	9
राजस्थान	16
सिक्किम	5
तमिलनाडु	16
तेलंगाना	11
त्रिपुरा	3
उत्तर प्रदेश	39
उत्तराखंड	4
पश्चिम बंगाल	14
योग	316